दिनांक-25फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लाटरी पद्धति से आवास आवंटन में हितग्राहियों ने लिया हिस्सा , आज 15 हितग्राहियों को मिला आवास

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड में आवास निर्माण किया गया है कैनाल/विकास कार्यो से प्रभावित लोगों को लाटरी पद्धति से आज आवास का आवंटन की प्रक्रिया की गई, जिसमें महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती, उपायुक्त तरुण पाल लहरें, प्रधानमंत्री आवास योजना के अभियंता एसपी साहू मौजूद रहे! निगम सभागार में आज मंगलवार को प्रातः 11 बजे से आवास आबंटन हेतु लॉटरी प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया। ब्लाक 09, 10 ,11 एवं 25 के 12 मकानों एवं पूर्व के शेष 06 मकानों इस प्रकार कुल 18 मकानों के लिए लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें हितग्राहियों ने अपनी भागीदारी निभाई। लॉटरी प्रारम्भ करने से पूर्व उपस्थित हितग्राहियों को मकान आबंटन के नियम शर्तो की जानकारी दी गई , पश्चात् हितग्राहियों को क्रमशः बुलवाकर सभी के समक्ष पर्ची निकलवाकर लॉटरी प्रक्रिया की गई। भूतल में आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को चेहरे में खुशी झलक रही थी! आवास प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों ने 5000 रुपए की राशि जमा की थी जिन्हें ही आवास आवंटन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने का मौका मिला ऐसे कुल16 हितग्राही थे जिनमें से 15 उपस्थित रहे! प्रथम किस्त की राशि के पश्चात शेष राशि 24 मासिक किस्तों में जमा किया जाना है जिसमें से इस माह के 1 से 10 तारीख के बीच राशि जमा किए जाने हेतु हितग्राहियों को सूचित किया गया है साथ ही प्रत्येक माह के इसी तारीख के मध्य राशि जमा किया जाना! आवास आवंटन में नागेश्वर कुमार 25/5, पी पार्वती को 25/4, ए देवकी रेड्डी को 25/11, देवी को 11/3, पुष्पा देवी को 25/6, सावित्री बाई को 10/8, शेख सिकंदर को 10/5, शेख सुलेमान को 11/1, अर्जुन को 25/8, सविता कोसले को 25/10, दुर्गा समर्थ को 9/9, राज कौर को 25/9, रमा साहू को 25/1, सुरेंद्र कुमार को 25/7 तथा स्वाति साहू को 25/2 के आवास का आवंटन किया गया! इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य दिवाकर भारती ने आवंटिती को आवास मिलने पर बधाई दी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यपालन अभियंता एसपी साहू ने हितग्राहियों को आवास के रखरखाव के बारे में बताया! आवास आबंटन के दौरान उपायुक्त तरुण पाल लहरें, जयंत शर्मा, योजना विभाग के विद्याधर देवांगन , अजय शुक्ला , सुधांशु तथा हितग्राही उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी